श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016)

एफ.1(50)/एल.बी.एस.एन.एस.यू./जी.ए.डी/2025-26/1579 दिनांक: 31.12.2025

## कार्यालय आदेश

उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा ईमेल (पताका-क) के माध्यम से दिनांक 29.12.2025 को पत्र सं. No.M.11018/07/2025-CDN दिनांकित 26.12.2025 के आदेशनुसार विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाया जाना है। इस वर्ष स्वामी विवेकानन्द के 164 वें जन्मोत्सव पर राष्ट्रव्यापी "रन फॉर स्वदेशी" तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं।

उपरोक्त निर्देशों के अनुपालनार्थ, विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे:-

| क्र.सं. | कार्यक्रम का विवरण | समय, तिथि एवं स्थान | संयोजक/ नोडल अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | **स्वदेशी संकल्प दौड़-स्वदेशी, स्वाभिमान और स्वावलम्बन की ओर।** NSS/NCC एवं शिक्षकों के सहयोग से छात्र-छात्राओं के लिए 2 कि.मी. /3 कि.मी. या 5 कि.मी. की दौड़ आयोजित की जाएगी। | दिनांक: 12.01.2026<br>समय: 12:30 - 01:30 बजे<br>स्थान- खेल मैदान | प्रो० मार्कण्डेय नाथ तिवारी (नोडल अधिकारी)<br>डॉ. सौरभ दुबे (संयोजक) |
| 2. | **संकल्प-पत्र** "रन फॉर स्वदेशी" दौड़ की शुरुआत प्रेरणादायी नारों या शपथ के साथ की जाए। | दिनांक: 12.01.2026<br>समय: 12:30 - 01:30 बजे<br>स्थान- खेल मैदान | प्रो० मार्कण्डेय नाथ तिवारी (नोडल अधिकारी)<br>डॉ. सौरभ दुबे (संयोजक) |
| 3. | **पंच स्वदेशी प्रण से प्रारम्भ करें।** स्वदेशी अपनाने का अर्थ है दैनिक जीवन में भारतीय वस्तुओ और सेवाओं का उपयोग करना। जैसे स्वदेशी उत्पाद खरीदना, खाघ पदार्थ और घरेलु सामान का प्रयोग करना तथा अपनी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देना। | दिनांक: 12.01.2026<br>समय: 12:30 - 01:30 बजे<br>स्थान- खेल मैदान | प्रो० मार्कण्डेय नाथ तिवारी (नोडल अधिकारी)<br>डॉ. सौरभ दुबे (संयोजक) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | **जागरूकता सत्र**<br>NSS का उद्देश्य छात्रों/युवाओ में सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है। इसके माध्यम से स्वदेशी अपनाने, राष्ट्रीय एकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक सेवा की भावना विकसित होती है। NSS गतिविधियाँ समाज की समस्याओं के प्रति युवाओं को जागरूक बनाती हैं, जिसमे सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का स्तर बढ़ता है। | दिनांक: 12.01.2026<br>समय: 12:30 - 01:30 बजे<br>स्थान- खेल मैदान | प्रो० मार्कण्डेय नाथ तिवारी<br>(नोडल अधिकारी)<br>डॉ. सौरभ दुबे<br>(संयोजक) |

कार्यक्रम के सुचारू सञ्चालन हेतु संयोजक जल पान एवं बैनर इत्यादि छपवाने हेतु स्वयं अग्रिम लेंगे। यह कार्यालय आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है।

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

प्रतिलिपि:-

1. समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के सूचनार्थ।
2. अभियांत्रिकी विभाग को इस आशय से प्रेषित कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, बैठने एवं माइक की उचित व्यवस्था करें।
3. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय आदेश को विश्वविद्यालय की वेबससाइट पर प्रदर्शित करें तथा whatsapp/sms के माध्यम से समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को सूचित करें। कार्यक्रम स्थल पर फ़ोटोग्राफी/ विडियोग्राफी की उचित व्यवस्था करें।
4. निजी सचिव- कुलपति/ कुलसचिव/ वित्ताधिकारी
5. समस्त सूचना पट्ट- छात्र-छात्राओं के सूचनार्थ
6. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)